पंचदश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या–10 सोमवार, दिनांक–05 मार्च, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.55 बजे अपराह्न तक ।

[1] **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 12 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 58 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री विनोद प्रसाद यादव
(ii) श्री श्याम बिहारी राम
(iii) श्रीमती मुन्नी देवी
(iv) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(v) श्री रामदेव महतो
(vi) श्री दिनेश कुमार सिंह
(vii) श्री प्रदीप कुमार
(viii) श्रीमती दिलमरणी देवी
(ix) श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह
(x) श्री रामनरेश प्रसाद यादव
(xi) श्रीमती सुजाता देवी
(xii) श्री कृष्णनंदन यादव
(xiii) श्री राजकुमार राय
(xiv) श्री बीरेन्द्र सिंह
(xv) श्रीमती लेशी सिंह

[3] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री प्रेमरंजन पटेल एवं अन्य सभासदों के खान एवं भूतत्व विभाग से संबंधित दिनांक 28.02.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य डॉ० फैयाज अहमद एवं अन्य सभासदों के गृह (विशेष) विभाग से संबंधित दिनांक 01.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री राजेश्वर राज एवं अन्य सभासदों के गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित दिनांक 01.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iv) माननीय सदस्य श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी एवं अन्य सभासदों के आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(v) माननीय सदस्य श्री उमाकांत यादव के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.05 बजे अप० तक ।

[4] **वित्तीय कार्य** :- **वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद तथा मतदान** :-

स्वास्थ्य विभाग :-

माननीय प्रभारी मंत्री स्वास्थ्य विभाग श्री अश्विनी कुमार चौबे द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री अवधेश कुमार राय द्वारा राज्य सरकार की स्वास्थ्य नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री श्याम बिहारी राम

(माननीय अध्यासी सदस्या श्रीमती गुड्डी देवी ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री भाई वीरेन्द्र

(iii) श्री राम बालक महतो

(iv) श्री सबा जफर

(v) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह

(vi) श्रीमती पूर्णिमा यादव

(vii) श्रीमती मंजू हजारी

(viii) श्रीमती अमला देवी

(ix) श्रीमती मुन्नी देवी

(x) श्रीमती मंजु वर्मा

(xi) श्री संजय सिंह 'टाइगर'

(xii) श्रीमती देवंती यादव

(xiii) श्री विनय बिहारी

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

माननीय मंत्री योजना एवं विकास विभाग श्री नरेन्द्र नारायण यादव एवं माननीय मंत्री सूचना प्रावैधिकी विभाग श्री शाहिद अली खान द्वारा अपने-अपने विभागों का पक्ष रखा गया ।

स्वास्थ्य विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

(सरकार के उत्तर के दरम्यान असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।)

सदन द्वारा ध्वनिमत से कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग स्वीकृत हुआ ।

[5] **निवेदन** :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 32 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 06.03.2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-05.03.2012

लक्ष्मीकांत झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।